Time : 1½ Hours

HINDI COMPOSITE (S.L.)

Subject Code

S	1	1	6	5

Total No. of Questions : 32 **(Printed Pages : 5)** **Maximum Marks : 40**

सूचनाएँ : (*i*) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से शुरू कीजिए।

(*ii*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*iii*) दायीं ओर दर्शाए हुए अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं।

- निम्नलिखित गद्य-खंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अंबेडकर नगर में, एक मध्य वर्गीय परिवार में, सन् 1988 ई. में अरुणिमा सिन्हा का जन्म हुआ। उनकी शिक्षा लखनऊ के स्कूल और कॉलेज में हुई। उसे फुटबॉल और वॉलीबॉल खेलों में विशेष रुचि थी। वह वॉलीबॉल की राष्ट्रीय टीम की सदस्या भी थी।

(1) उपर्युक्त गद्य-खंड किस पाठ से लिया गया है ? 1

(2) अरुणिमा सिन्हा को किन खेलों में विशेष रुचि थी ? 1

- निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 10-20 शब्दों में लिखिए : 2

(3) देश-विदेश से पर्यटक बड़ी संख्या में गोवा कब आते हैं।

(4) ज्वार-भाटे के समय कौनसा खतरा रहता है ?

- निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए : 6

(5) बाबू हरिदास के ईंटों के पजावे में मजदूर किस प्रकार काम करते थे ?

(6) डॉ. माशेलकर जी की पढ़ाई कैसे हुई ?

• निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 10–12 शब्दों में लिखिए। (किन्हीं **तीन**) 6

(7) कवि धीरज और साहस न छोड़ने को क्यों कहता है ?

(8) रनिया की क्या चाह है ?

(9) कबीर के अनुसार साधू का स्वभाव कैसा होना चाहिए ?

(10) कवि ने जवानों की जवानी को धन्य क्यों कहा है ?

(11) 'जज़्बा' इस शब्द के लिए सही पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए। 1

जोश

जिगर

जबान

जवान

(12) 'यश' इस शब्द के लिए सही विलोम शब्द चुनकर लिखिए : 1

जयेश

श्रेष्ठ

जीत

अपयश

(13) संसार .... धर्म उठ गया है। इस वाक्य के रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न का प्रयोग करके वाक्य लिखिए। 1

ने

के

से

पर

(14) 'पर्वतारोहण' इस संधि का सही संधि-विच्छेद चुनकर लिखिए : 1

पर्वत + अरोहण

पर्वत + आरोहण

पर्वता + अरोहण

पर्वतआ + रोहण।

- निम्नलिखित अव्यय में से किसी **एक** अव्यय का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1

(15) इसलिए

(16) धीरे-धीरे।

- निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द-युग्म का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1

(17) छोटी-छोटी

(18) चमक-दमक।

- निम्नलिखित मुहावरों में से किसी **एक** मुहावरे का अर्थ लिखकर उस मुहावरे का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए : 2

(19) मात दे देना

(20) दम तोड़ देना।

- निम्नलिखित समदर्शी शब्दों की जोड़ी में से किसी **एक** शब्द जोड़ी का भिन्न-भिन्न अर्थ स्पष्ट करने के लिए अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(21) ओर-और

(22) धन-धान।

(23) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए और उसे उचित शीर्षक देकर सीख भी लिखिए। 4

पेड़ पर एक कौवा .... मुँह में रोटी का टुकड़ा .... पेड़ के नीचे सियार .... कौवे की तारीफ करना .... कौवे का चुप रहना .... सियार फिर कौवे के गाने की प्रशंसा करना .... कौवे का खुश होकर गाना .... रोटी का नीचे गिरना .... नतीजा .... सीख।

अथवा

सागर/सरिता शिरोडकर, कुर्टी-फोंडा-गोवा से अपने मित्र/सहेली को 'सफाई का महत्व' बताते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

- निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **100–125** शब्दों का अनुच्छेद लिखिए : 4

(24) बस स्थानक पर एक घंटा

(25) मेरा प्रिय खेल

(26) मैं सूखा पेड़ बोल रहा हूँ।

- निम्नलिखित गद्य-खंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

शिक्षा का मूल उद्देश्य विवेक और भावना का अनुशासन स्थापित करना है। एक ऐसा व्यक्ति जो केवल भावना से प्रेरित होकर ही कार्य करता है तथा तर्क का बिल्कुल सहारा नहीं लेता है, वह पशु के समान है। इसके विपरीत एक ऐसा व्यक्ति जो पूर्णतया तर्क पर ही निर्भर करता है, एक मशीन मात्र है। अत: किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का तब तक विकास नहीं हो सकता है जब तक कि विवेक एवं भावना का समन्वयी ना हो जाए। महात्मा गांधी के अनुसार शिक्षा का संबंध बुद्धि, आत्मा तथा शरीर से होना चाहिए। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि शिक्षा के द्वारा व्यक्ति के व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए। जब तक व्यक्ति के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास

न हो जाए, तब तक वह न तो समाज के कल्याण के बारे में सोच सकता है और न ही स्वयं को प्रजातांत्रिक ढाँचे में समायोजित कर सकता है। वस्तुत: शिक्षा व्यक्ति को सभ्य बनाती है जिससे वह स्वयं तथा विश्व का विकास करता है।

(27) शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है ? 1

(28) कैसा व्यक्ति एक पशु के समान है ? 1

(29) किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास कब तक नहीं हो सकता है ? 1

(30) महात्मा गाँधी के अनुसार शिक्षा का संबंध किससे होना चाहिए ? 1

(31) व्यक्ति समाज के बारे में कब सोच सकता है ? 1

(32) 'जानवर' इस शब्द का पर्यायवाची शब्द गद्य-खंड में से ढूँढ़कर लिखिए। 1